भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 11

उत्तर देने की तारीख 02.02.2023

आजीविका व्यवसाय इनक्यूबेटर

11. श्री संगम लाल गुप्ताः
श्री बृजभूषण शरण सिंह:
श्री पी.पी. चौधरी:
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नवोन्मेष, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन योजना (एएसपीआईआरई) अभी भी कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा सहित इस योजना के अंतर्गत राज्य-वार कितने आजीविका व्यवसाय इन्क्यूबेटर (एलबीआई) स्थापित किए गए हैं;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश में गोंडा-बहराइच, देवरिया, प्रतापगढ़, राजस्थान के पाली और ओडिशा के बालासोर में कोई एलबीआई स्थापित किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) नवप्रवर्तन, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर) की क्रियाशीलता वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के दौरान जारी है।

(ख) आज की स्थिति के अनुसार, एस्पायर के अंतर्गत 81 आजीविका व्यवसाय इनक्यूबेटरों (एलबीआई) को स्थापित किया गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा सहित एलबीआई की सूची (राज्य-वार) **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ग) और (घ) एस्पायर के अंतर्गत एक आजीविका व्यवसाय इनक्यूबेटर (एलबीआई), राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), देवरिया जिला, उत्तर प्रदेश, में स्थापित किया गया है। उसके ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं। तथापि, उत्तर प्रदेश के गोंडा, बहराइच और प्रतापगढ़ जिलों, राजस्थान के पाली और ओडिशा के बालासोर जिले से कोई भी व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण, एस्पायर के अंतर्गत इन जिलों में अभी तक एलबीआई की स्थापना नही की गई है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध		
एस्पायर स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा सहित आजीविका व्यवसाय इन्क्यूबेटरों (एलबीआई) की राज्य-वार सूची		
क्र. सं.	राज्य	एलबीआई की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	4
2.	असम	3
3.	बिहार	3
4.	छत्तीसगढ़	1
5.	दिल्ली	2
6.	गुजरात	1
7.	हरियाणा	1
8.	हिमाचल प्रदेश	1
9.	जम्मू और कश्मीर	1
10.	झारखंड	2
11.	कर्नाटक	2
12.	केरल	3
13.	मध्य प्रदेश	5
14.	महाराष्ट्र	5
15.	मणिपुर	9
16.	मेघालय	2
17.	मिजोरम	2
18.	नागालैंड	3
19.	ओडिशा	4
	राजस्थान	2

अनुबंध-II

दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध							
एस्पायर स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एनएसआईसी, आजीविका व्यवसाय इनक्यूबेटर का ब्यौरा							
मेजबान संस्थान	प्रमुख क्षेत्र	अनुमोदित परियोजना लागत (लाख रु.में)	जारी किया गया अनुदान (लाख रु.में)	प्रशिक्षित प्रशिक्षु	स्व-रोजगार प्राप्त प्रशिक्षु	अन्य इकाइयों में रोजगार प्राप्त प्रशिक्षु	प्रशिक्षु (अन्य, और आगे अध्ययनरत आदि)
एनएसआईसी, देवरिया, उत्तर प्रदेश	सिलाई, सौंदर्य उपचारक, हैंडसेट मरम्मत, घरेलू आंकडा प्रविष्ट प्रचालक, एयर कंडीशनर क्षेत्र तकनीशियन	77.02	77.02	4141	960	165	3016